**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 12.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. केंद्रीय गृह सचिव ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की।
2. उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सागरमाला 2.0 के तहत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की।
3. डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत, अंडमान निकोबार अभिलेखागार ने अभिलेख पटल पर अपने वेबसाइट उप–अध्याय का शुभारंभ किया।
4. कृषि विज्ञान केंद्र में स्टार्ट–अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम पर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर देश भर में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण की समीक्षा के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह दी गई। श्री मोहन ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी की कमी के संबंध में आशंकाओं को दूर करने और झूठी अफवाहों से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश भी दिया।

<><><><><><><>

राज्यसभा में आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा आगे बढ़ाई जाएगी। वही, लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन वित्तीय वर्ष 2025–26 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से कुछ अतिरिक्त राशियों के भुगतान और विनियोग को अधिकृत करने के लिए विनियोग विधेयक, 2026 पेश करेंगी। कल, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सागरमाला 2.0 के तहत अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रस्तुति की समीक्षा की। बैठक के दौरान 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने में द्वीप समूह के योगदान के लिए जहाजरानी और बंदरगाह क्षेत्रों को मुख्य आधार के रूप में पहचाना गया। इस अभियान के तहत मत्स्य पालन और पर्यटन क्षेत्रों से जुड़ी अतिरिक्त परियोजनाओं और योजनाओं को भी शामिल किया गया है। उपराज्यपाल ने इन सभी परियोजनाओं को 'मिशन मोड' पर आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है, ताकि इनका जल्द से जल्द संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस बैठक का उद्देश्य जहाजरानी और बंदरगाह, द्वीपों की कनेक्टिविटी और रसद में सुधार, स्थानीय मछुआरों के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा, नए पर्यटन स्थलों का विकास और रोजगार सृजन पर चर्चा करना था।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण में राजभाषा हिन्दी के उपयोग में सूचना प्रौद्योगिकी का कार्यसाधक ज्ञान विषय पर त्रैमासिक दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी से अपने कार्यों में अधिकारिक हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी में राजभाषा के उपयोग पर डॉ. पंकज अरविंद ढोले ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

<><><><><><><>

शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ अभियान चलाते हुए, दक्षिण अंडमान जिला पुलिस ने पूरे जिले में प्रवर्तन कार्रवाइयों को तेज कर दिया है। इन प्रयासों के तहत, पुलिस टीमों ने पिछले दो सप्ताह में दक्षिण अंडमान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 144.18 लीटर शराब की बोतलों के साथ अन्य मादक पदार्थों को जब्त किया है। पुलिस टीम ने इस मामले में 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर संबंधित पुलिस थानों में आबकारी विनियमन अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

<><><><><><><>

डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत, अंडमान निकोबार अभिलेखागार ने अभिलेख पटल पर अपने वेबसाइट उप–अध्याय का शुभारंभ किया। इस वेबसाइट का औपचारिक उद्घाटन मुख्य सचिव ने किया। अभिलेखागार विभाग की ओर से पोर्टल पर अभिलेखीय रिकॉर्ड अपलोड करने का कार्य शुरू किया गया। इसके तहत विभाग ने 2,267 रिकॉर्ड अपलोड किए हैं, जिनमें कुल 96,355 पृष्ठ शामिल हैं। शोधकर्ताओं और आम जनता

के लिए सूचना प्राप्त करना आसान बनाने के लिए, अभिलेखागार ने वेबसाइट पर कई विषयगत श्रेणियां बनाई हैं। अभिलेखागार के सचिव ने आम जनता और इन द्वीपों के पुराने निवासियों से ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण दस्तावेजों को विभाग के साथ साझा करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि यदि संरक्षक मूल दस्तावेज या फोटो देने के इच्छुक नहीं हैं, तो उन सामग्रियों को स्कैन करके डिजिटल किया जा सकता है। उनकी सॉफ्ट कॉपियां भविष्य की पीढ़ी और ऐतिहासिक अनुसंधान के लिए अभिलेखागार में सुरक्षित रखी जाएंगी।

<><><><><><><>

कृषि विज्ञान केंद्र, सिप्पीघाट में स्टार्ट–अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम पर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कल ANIRLM के राज्य मिशन निदेशक ने किया। इस अवसर पर EDII के प्रतिनिधि, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस परियोजना की शुरुआत भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, गुजरात के सहयोग से की गई है। इस पहल के तहत 30 उम्मीदवारों का चयन किया गया है, जिन्हें कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन – एंटरप्राइज प्रमोशन के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवारों को बेसलाइन सर्वे और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देना, ग्रामीण उद्यमों की स्थापना और आजीविका सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर राज्य मिशन निदेशक ने कहा कि यह कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों में आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे ग्राम स्तर पर उद्यमी तैयार होंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग में वेटरनरी कंपाउंडर के रिक्त पदों में भर्ती के लिए 8 चयनित उम्मीदवारों की सूची विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। चयनित उम्मीदवारों का दस्तावेज़ों का सत्यापन कार्य 24 मार्च को किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों के कार्यभार न संभालने या कार्यभार संभालने के बाद इस्तीफा देने के कारण शेष बचे रिक्त पदों को मेरिट सूची के आधार पर भरा जाएगा। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से डी जी पी कप सीजन–3 का फाइनल मैच कल नेताजी स्टेडियम में शाम साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना, युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और पुलिस तथा आम जनता के बीच संबंधों को मजबूत बनाना है।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद निवासी 52 वर्षीय सुभाष मंडल का 4 मार्च को जी. बी. पंत अस्पताल में निधन हो गया। वर्तमान में मृतक का शव जी. बी. पंत अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। शव पर दावा करने के लिए कोई भी परिचित अभी तक सामने नहीं आया है। यदि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर कोई भी रिश्तेदार उपरोक्त शव पर दावा करने के लिए उपस्थित नहीं होता है, तो चिकित्सा अधीक्षक के पास बिना किसी अग्रिम सूचना के शव का अंतिम संस्कार करने का अधिकार होगा।

<><><><><><><>